कोविड-19 वैक्सीन संबंधी तथ्य पत्र

वैक्सीन कैसे काम करती हैं?

Pfizer-BioNTech और Moderna, दोनों वैक्सीन आपके शरीर को वायरस में पाए गए हानिकारक प्रोटीन बनाने के लिए कहती हैं और ऐसी एंटीबॉडीज बनाना शुरू करती हैं, जो असली वायरस से लड़ सकती हैं, यदि आप इसके संपर्क में आते हैं। वैक्सीन, सुई का प्रयोग करते हुए लगाई जाती हैं, जो आपकी बाजू के ऊपरी हिस्से की मांसपेशी में दाखिल की जाती है और उसे वैक्सीन को आपकी पहली और दूसरी खुराक के लिए प्रयोग किया जाता है। दो खुराकों के बाद वैक्सीन के, 94-95% तक प्रभावी होने की संभावना है।

क्या मुझे वैक्सीन मिल सकती है?

यदि आपकी उम्र 16 **वर्ष और इससे अधिक है** तो आपको Pfizer-BioNTech और यदि आपकी उम्र 18 **वर्ष और इससे अधिक है** तो आपको Moderna वैक्सीन मिल सकती है।

आपको कोविड-19 (COVID-19) वैक्सीन **नहीं लगवानी चाहिए**, यदि:

- आप कभी भी इस तरह की वैक्सीन की पहली खुराक से गंभीर एलर्जिक रिएक्शन हुआ है (जैसे ऐनाफिलैक्सिस)। आप यहां सामग्रियों की सूची की समीक्षा कर सकते हैं: Pfizer-BioNTech vaccine monograph/Moderna COVID-19 vaccine monograph

आपको कोविड-19 वैक्सीन लगवाना **स्थगित करना चाहिए**, यदि:

- आपने पिछले 14 दिनों में कोई अन्य वैक्सीन (कोविड-19 वैक्सीन नहीं) लगवाई है।
- आपको कोविड-19 जैसी बीमारी के गंभीर लक्षण हैं; आपको तब तक प्रतीक्षा करनी चाहिए, जब तक कि आपके लक्षण ठीक न हो जाएं और कम से कम 24 घंटों तक बुखार न हो।
  - यदि आप लंबी-अवधि की देखभाल होम में रहते हैं और पॉजिटिव निदान के साथ आइसोलेशन में हैं और आपके लक्षण ठीक हो गए हैं, तो आपको वैक्सीन लगाई जा सकती है।
  - यदि आप लंबी-अवधि की देखभाल होम में रहते हैं और वायरस के लिए पॉजिटिव हैं और आपको लक्षण नहीं हैं, तो आपको आपके पॉजिटिव टेस्ट के बाद, कम से कम 72 घंटे बीतने पर वैक्सीन लगाई जा सकती है।

हो सकता है कि आप वैक्सीन लगवाने योग्य हों लेकिन आपको सावधानियां बरतनी चाहिएं, जैसे वैक्सीन के बाद 30 मिनट तक निगरानी यदि:

- आपको खून बहने की समस्या हो, जल्दी से जख्म हो जाता हो या आप खून पतला करने वाली दवाईयां प्रयोग करते हों।
- आपको किसी भोजन, पालतू जानवरों या लेटेक्स से गंभीर एलर्जिक रिएक्शन का इतिहास हो (जैसे ऐनाफिलैक्सिस)।

खास लोगों के लिए निर्देश दस्तावेज देखें: Vaccination Recommendations for Special Populations.

कोविड-19 वैक्सीन संबंधी तथ्य पत्र

कोविड-19 वैक्सीन लगवाने के बाद मुझे क्या करना चाहिए?

वैक्सीन के बाद कम से 15 मिनट तक वहीं रुकें और यदि आपको ठीक महसूस न हो तो तुरंत हेल्थकेयर प्रदाता को सूचित करें।

आपको कुछ दुष्प्रभाव महसूस हो सकते हैं, जैसे:

- टीके वाली जगह पर दर्द, लाली, सूजन
- थकान
- सिरदर्द
- मांसपेशी में दर्द या जोड़ों में दर्द
- बुखार, कंपकंपी
- ग्रंथियों की सूजन
- दस्त
- जी मिचलाना/ उल्टी

वैक्सीन लगवाने के बाद गंभीर दुष्प्रभाव बहुत ही कम होते हैं। हालांकि, यदि आपको वैक्सीन लगवाने के तीन दिनों के अंदर निम्नलिखित प्रतिकूल रिएक्शन्स में से कुछ भी होता है, तो तुरंत मेडिकल सलाह लें या यदि आप गंभीर रूप से बीमार हैं तो 911 पर फोन करें:

- पित्ती
- चेहरे या मुंह की सूजन
- सांस लेने में मुश्किल
- तेज़ बुखार (40°C से अधिक)
- ऐंठन या दौरे
- बहुत पीला रंग और गंभीर ऊंघ
- अन्य गंभीर लक्षण (जैसे “चुभता हुआ दर्द” या सुन्नता)